नई दिल्ली
राजधानी

मौसम
तापमान
अधिकतम-34.1
न्यूनतम- 25.4
नई दिल्ली
सूर्योदय- 05:46
सूर्यास्त- 07:06

3

जनसत्ता | 9 अगस्त, 2024

शराब घोटाला मामला

# केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 20 तक बढ़ी

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 8 अगस्त।

दिल्ली की एक अदालत ने शराब घोटाले के सिलसिले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार के एक मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 20 अगस्त तक बढ़ा दी। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने वीडियो कांफ्रेंस के जरिए अदालत में पेश किए जाने के बाद केजरीवाल की हिरासत अवधि बढ़ा दी। अदालत इस मामले में केजरीवाल के खिलाफ सीबीआइ द्वारा दायर पूरक आरोपपत्र पर 12 अगस्त को विचार कर सकती है।

न्यायाधीश ने जून में केजरीवाल को न्यायिक हिरासत में भेज दिया था और कहा था कि उनका नाम 'मुख्य साजिशकर्ताओं' में से एक के रूप में सामने आया है और जांच अभी भी जारी है। न्यायाधीश ने सीबीआइ की इस आशंका पर भी गौर किया कि केजरीवाल मामले में गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं।

## सिसोदिया की जमानत याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला आज

**नई दिल्ली, 8 अगस्त (भाषा)।** उच्चतम न्यायालय शराब घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार व धन शोधन मामलों में शुक्रवार को आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया की जमानत याचिकाओं पर फैसला सुनाएगा। शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर अपलोड की गई वाद सूची के अनुसार, न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ कल फैसला सुनाएगी, जिसने छह अगस्त को सिसोदिया की याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

## पुलिस प्रशिक्षण केंद्र के मालखाने में आग लगी

नई दिल्ली, 8 अगस्त (संवाददाता)।

वजीराबाद पुलिस प्रशिक्षण केंद्र परिसर में दिल्ली पुलिस के मालखाने (वाहन जब्ती यार्ड) में गुरुवार सुबह आग लग गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारी ने बताया कि सुबह आग लगने से मालखाने में रखी गईं कई गाड़ियां जल गई।

दिल्ली दमकल के मुताबिक करीब तीन घंटे में आग पर काबू पा लिया गया। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। बताया जा रहा है कि एक सप्ताह के भीतर वजीराबाद यार्ड में आग लगने की यह दूसरी घटना है।

## जामिया : पूर्व कार्यवाहक कुलपति निलंबित

नई दिल्ली, 8 अगस्त (संवाददाता)।

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के कार्यवाहक कुलपति मोहम्मद शकील ने अपने पूर्ववर्ती इकबाल हुसैन को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। उन पर भूमि बेचने के मामले में पद का दुरुपयोग करने का आरोप है। गुरुवार को जारी एक आधिकारिक आदेश में यह जानकारी दी गई है। विवि ने हुसैन के खिलाफ जांच शुरू की है, जिसकी अध्यक्षता हाई कोर्ट के वर्तमान या सेवानिवृत्त न्यायाधीश द्वारा किए जाने की संभावना है। वह विश्वविद्यालय में विधि संकाय में कार्यरत हैं।

## पुनर्निर्माण होगा 14 स्कूलों के भवनों का

नई दिल्ली, 8 अगस्त (संवाददाता)।

दिल्ली सरकार की शिक्षा मंत्री आतिशी ने 14 सरकारी स्कूलों के भवनों का पुनर्निर्माण की घोषणा की। गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस में आतिशी ने दावा किया कि सरकार का अपने स्कूलों को बेहतर करने का काम जारी है। सरकार द्वारा दिल्ली भर में बड़े स्तर पर स्कूलों में नई कक्षाएं और अकादमिक खंड बनवाए जा रहे है।

इस सपने को पूरा करते हुए 2015 से 2024 तक मात्र 10 सालों में केजरीवाल सरकार ने सरकारी स्कूलों में 22,711 कमरे बनवाए। उन्होंने कहा कि 2015 तक दिल्ली के सरकारी स्कूलों में कुल 24,000 कमरे थे।

### 30 फीसद स्कूलों में खाली हैं शिक्षकों के पद : भाजपा

दिल्ली प्रदेश भाजपा ने कहा कि आतिशी बातों की जादूगर हैं जो शिक्षा के नाम पर कुछ कमरे बनाने को अपनी सफलता दर्शा रही हैं, जबकि दिल्ली सरकार के स्कूलों में दसवीं व बारहवीं कक्षा के नतीजे लगातार गिर रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि दिल्ली सरकार के आधे से अधिक स्कूलों में प्राचार्य नहीं हैं, जबकि शिक्षकों के 30 फीसद से अधिक पद खाली हैं।





## 30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही के लिए अनंकेक्षित वित्तीय परिणामों की विवरणी का सार

(₹ करोड़ में)

| क्र. सं. | विवरण | एकल | | | समेकित | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | समाप्त तिमाही | | समाप्त वर्ष | समाप्त तिमाही | | समाप्त वर्ष |
| | | 30.06.2024 | 30.06.2023 | 31.03.2024 | 30.06.2024 | 30.06.2023 | 31.03.2024 |
| | | अनंकेक्षित | अनंकेक्षित | अंकेक्षित | अनंकेक्षित | अनंकेक्षित | अंकेक्षित |
| 1 | प्रचालनों से कुल आय | 2,417.88 | 2,570.96 | 8,404.92 | 2,694.20 | 2,757.26 | 9,632.16 |
| 2 | कर पूर्व निवल लाभ (असाधारण मद पूर्व) | 1,331.66 | 1,296.44 | 4,295.48 | 1,507.32 | 1,394.19 | 5,043.42 |
| 3 | कर पूर्व निवल लाभ (असाधारण मद पश्चात्) | 1,331.66 | 1,296.44 | 4,295.48 | 1,507.32 | 1,394.19 | 5,043.42 |
| 4 | निम्न को आरोप्य अवधि हेतु कर पश्चात् निवल लाभः | | | | | | |
| | - मूल कंपनी के स्वामी | 1,023.51 | 1,052.94 | 3,743.94 | 1,028.60 | 1,036.86 | 3,624.42 |
| | - अनियंत्रित ब्याज | - | - | - | 79.86 | 58.52 | 403.59 |
| 5 | निम्न को आरोप्य अवधि के लिए कुल व्यापक आय [लाभ एवं अन्य व्यापक आय (कर पश्चात्)]: | | | | | | |
| | - मूल कंपनी के स्वामी | 1,034.60 | 1,077.35 | 3,718.98 | 1,039.55 | 1,061.07 | 3,598.89 |
| | - अनियंत्रित ब्याज | - | - | - | 79.72 | 58.32 | 403.04 |
| 6 | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य 10/- रुपए प्रत्येक) | 10,045.03 | 10,045.03 | 10,045.03 | 10,045.03 | 10,045.03 | 10,045.03 |
| 7 | पुनर्मूल्यांकन आरक्षित निधि को छोड़कर अन्य इक्विटी | 28,258.18 | 26,440.28 | 27,223.58 | 29,699.26 | 27,916.71 | 28,657.41 |
| 8 | निवल मूल्य | 38,303.21 | 36,485.31 | 37,268.61 | 39,744.29 | 37,961.74 | 38,702.44 |
| 9 | प्रदत्त ऋण पूंजी | 31,739.40 | 30,222.79 | 31,431.33 | 35,101.54 | 31,625.33 | 34,578.00 |
| 10 | ऋण इक्विटी अनुपात | 0.83 | 0.83 | 0.84 | 0.88 | 0.83 | 0.89 |
| 11 | प्रति शेयर आय (मूल एवं डायल्यूटेड) - (गैर-वार्षिकी) (अंकित मूल्य 10/- रुपए प्रत्येक) | | | | | | |
| | - विनियामक आस्थगित लेखा शेष में गतिशीलता से पूर्व (₹ में) | 0.96 | 1.03 | 3.49 | 0.94 | 0.99 | 3.21 |
| | - विनियामक आस्थगित लेखा शेष में गतिशीलता के पश्चात् (₹ में) | 1.02 | 1.05 | 3.73 | 1.02 | 1.03 | 3.61 |
| 12 | पूंजी विमोचन आरक्षित | 2,255.71 | 2,255.71 | 2,255.71 | 2,255.71 | 2,255.71 | 2,255.71 |
| 13 | डिबेंचर (बॉन्ड) विमोचन आरक्षित | 950.61 | 1,129.30 | 950.61 | 950.61 | 1,129.30 | 950.61 |
| 14 | ऋण सेवा कवरेज अनुपात (डीएससीआर) | 4.03 | 2.92 | 3.16 | 4.30 | 3.00 | 3.41 |
| 15 | ब्याज सेवा कवरेज अनुपात (आईएससीआर) | 10.05 | 8.97 | 8.63 | 11.02 | 9.67 | 9.57 |
| 16 | प्रतिभूति प्रीमियम खाता | - | - | - | - | - | - |

नोट :

1. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीकरण बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 33 एवं 52 के अंतर्गत स्टॉक एक्स्चेंजेज में दाखिल वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सार है। इन वित्तीय परिणामों का विस्तृत प्रारूप स्टॉक एक्सचेंजेज की वेबसाइट : **www.nseindia.com** और **www.bseindia.com** पर एवं कंपनी की वेबसाइट : **www.nhpcindia.com** पर उपलब्ध है।
2. आवश्यक्तानुसार पिछली अवधि के आंकड़े पुनर्समूहित/पुनः व्यवस्थित/पुनः वर्गीकृत/दोहराये गए हैं।

30-06-2024 को समाप्त तिमाही के अनंकेक्षित वित्तीय परिणाम देखने के लिए QR कोड को स्कैन करे

स्थान : फ़रीदाबाद
दिनांक : 07 अगस्त, 2024

**एनएचपीसी लिमिटेड**
(भारत सरकार का उद्यम)
सीआईएनः L40101HR1975GOI032564
**सेक्टर-33, फरीदाबाद-121003 (हरियाणा) भारत**
ISO 9001: 2015, ISO 14001: 2015 एवं ISO 45001: 2018 प्रमाणित कंपनी

एनएचपीसी लिमिटेड के निदेशक मंडल के लिए और उनकी ओर से
हस्ता./-
(राजेन्द्र प्रसाद गोयल)
निदेशक (वित्त) एवं सीएफओ
डीआईएन - 08645380


महत्वपूर्ण सूचनाः शेयरधारकों से विनम्र अनुरोध है कि कंपनी से संबन्धित सभी सूचनाएँ इलेक्ट्रोनिक माध्यम से प्राप्त करने के लिए कृपया अपने संबन्धित डिपाजिटरी प्रतिभागी / कंपनी के पास अपना ई.मेल पता अपडेट कराने का कष्ट करें।

https://www.nhpcindia.com हमसे जुड़ें:



# भारत गीयर्स लिमिटेड

**पंजीकृत कार्यालय एवं वर्क्स:** 20 कि.मी. मथुरा रोड, पो. ओ. अमर नगर, फरीदाबाद–121003 (हरियाणा)
**फोन:** +91 (129) 4288888
**ई–मेल:** info@bglindia.com **वैबसाइट:** www.bharatgears.com **सीआईएन:** L29130HR1971PLC034365




## 30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही के अनअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का वर्णन

(₹ लाखों में)

| क्र.सं. | विवरण | समाप्त तिमाही | | | समाप्त पूर्व वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 30.06.2024 (अनअंकेक्षित) | 31.03.2024 (अनअंकेक्षित) टिप्पणी 2 देखें | 30.06.2023 (अनअंकेक्षित) | 31.03.2024 (अंकेक्षित) |
| 1. | परिचालनों से कुल आय | **16,601** | 17,077 | 17,048 | 66,305 |
| 2. | अवधि के लिए (हानि)/लाभ (कर, अपवादित एवं/अथवा असाधारण वस्तुओं से पूर्व) | **(242)** | (225) | (102) | (1,288) |
| 3. | अवधि के लिए कर से पूर्व (हानि)/लाभ (अपवादित एवं/अथवा असाधारण वस्तुओं के बाद) | **(242)** | (225) | (102) | (1,288) |
| 4. | अवधि के लिए कर के पश्चात् (हानि)/लाभ (अपवादित एवं/अथवा असाधारण वस्तुओं के बाद) | **(181)** | (175) | (76) | (974) |
| 5. | अवधि के लिए कुल व्यापक आय/(हानि) [जिसमें अवधि के लिए लाभ/(हानि) (कर के बाद) एवं अन्य व्यापक आय/(हानि) (कर के बाद) शामिल है] | **(181)** | (175) | (83) | (996) |
| 6. | समता अंश पूंजी | **1,536** | 1,536 | 1,536 | 1,536 |
| 7. | अन्य इक्विटी जिसे पूर्व वर्ष की अंकेक्षित बैलेंस शीट में दर्शाया गया है | **9,524** | 9,524 | 10,520 | 9,524 |
| 8. | प्रतिअंश आय [₹ 10/- प्रत्येक (* अवार्षिकृत)] मूल एवं तरल (₹) | ***(1.18)** | *(1.13) | *(0.49) | (6.34) |

टिप्पणियाँ:

1. उपरोक्त सेबी (सूचीकरण दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) अधिनियम, 2015 के अधिनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज में दायर किए गये 30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही के अनअंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक उद्धरण है। 30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही के अनअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंजों की वैबसाइट (www.nseindia.com एवं www.bseindia.com) तथा कम्पनी की वैबसाइट (www.bharatgears.com) पर उपलब्ध हैं।
2. 31 मार्च, 2024 को समाप्त तिमाही के आंकड़े पूर्ण वित्तीय वर्ष के संबंध में अंकेक्षित आंकड़ों तथा प्रस्तुत वित्तीय वर्ष के 31 दिसम्बर 2023 को समाप्त अवधि के अनअंकेक्षित प्रकाशित आंकड़े, जो सीमित समीक्षा के अधीन थे, के बीच संतुलन के आंकड़े हैं।

निदेशक मंडल के लिए एवं उनकी ओर से
हस्ता/–
सुरिंदर पॉल कंवर
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डिन: 00033524

स्थान : मुम्बई
तिथि : 08 अगस्त, 2024



# टी.वी. टुडे नेटवर्क लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय: एफ -26, फर्स्ट फ्लोर, कनॉट सर्कस, नई दिल्ली-110001
सी.आई.एन: L92200DL1999PLC103001
वेबसाइट: www.aajtak.in, ईमेल: investors@aajtak.com
फोन: 0120-4908600, फैक्स: 0120-4325028

## 25वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना एवं ई-वोटिंग की जानकारी

एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") के लागु होने योग्य प्रावधानों एवं उनके अन्तर्गत बनाए गए नियमों तथा सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएँ एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएँ ) विनियम, 2015 ("सूचीबद्धता विनियम") के साथ पठित कॉर्पोरेट मामले मंत्रालय द्वारा निर्गत सामान्य परिपत्र ("एमसीए परिपत्र") 09/2023 दिनांकित 25 सितम्बर 2023 तथा भारतीय प्रतिभूति और विनियम बोर्ड द्वारा निर्गत परिपत्र संख्या SEBI/HO/CFD/POD-2/P/CIR/2023/167 दिनांक 7 अक्टूबर 2023 के अनुपालन में टी.वी. टुडे नेटवर्क लिमिटेड ("कंपनी") के सदस्यों की 25वीं वार्षिक आम बैठक ("ऐजीएम") बुधवार 18 सितम्बर 2024 को 03:30 बजे अपराह वीडियो कॉन्फरेंस (वीसी)/ओएवीएम के माध्यम से एक आम स्थल पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना ऐजीएम की सूचना में निहित व्यवसायो के सम्पादन हेतु, आयोजित की जाएगी।

उक्त एमसीए परिपत्र के साथ पठित सेबी परिपत्र में ऐजीएम की सुचना तथा 31 मार्च 2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष हेतु वार्षिक रिपोर्ट इलेक्ट्रॉनिक प्रतियां, कंपनी के सभी सदस्यों, जिनका ईमेल आईडी कंपनी/आर टी ए/डिपाजिटरी प्रतिभागी (ओ) के साथ 26 जुलाई 2024 तक पंजीकृत है, को 6 अगस्त 2024 को प्रेषित की जा चुकी है | कृपया ध्यान दे की एमसीए परिपत्र तथा सेबी परिपत्र के हवाले से सदस्यों को 25वी ऐजीम की सुचना तथा एकिकृत वार्षिक रिपोर्ट की भौतिक प्रति भेजने की आवश्यकता को समाप्त कर दिया गया है | यह सुचना तथा एकिकृत वार्षिक रिपोर्ट कंपनी की वेबसाइट https://aajtak.in/investor/ तथा स्टॉक एक्सचेन्जो, अर्थात बीएसई लिमिटेड एवं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ़ इंडिया की वेबसाइट www.bseindia.com एवं www.nseindia.com क्रमशः एवं हमारे आर टी ए की वेबसाइट https://www.mcsregistrars.com/ पर भी उपलब्ध हैं।

वे सदस्य, जिनके ई-मेल पते कंपनी/उनके सम्बंधित डिपाजिटरी प्रतिभागियों के साथ पंजीकृत नहीं है, उनसे अनुरोध है की वे जल्द से अपनी ई मेल को पंजीकृत करें। वे सदस्य, जो भौतिक रूप में शेयरों को धारण कर रहे है और उनका ई -मेल पता आर टी ए के साथ पंजीकृत नहीं है, से अनुरोध है कि वे अपना विवरण फ़ार्म ISR-1 के साथ उपयुक्त दस्तावेज़, कंपनी के आर टी ए, MCS Share Transfer Agent Limited, helpdesk@mcsregistrars.com को भेजकर अपना ई-मेल पता शीघ्र पंजीकृत कराएं। डीमैट तौर पर शेयरों को रखने वाले सदस्य अपने डिपाजिटरी प्रतिभागियों के साथ अपना ई-मेल पता अद्यतन कर सकते हैं।

कट - ऑफ तिथि अर्थात 11 सितम्बर 2024 के अनुसार भौतिक रूप में या डीमटेरिलईज़ेड रूप में शेयरो को रखने वाले सदस्य, एनएसडीएल के इलेक्ट्रोनिक वोटिंग सिस्टम के माध्यम से, ऐजीएम की सूचना में निहित सामान्य और विशेष व्यवसायों पर अपना वोट डाल सकते है |

ऐजीएम की सूचना में उस प्रकिर्या के विषय में निर्देश शामिल है जिस प्रकार शेयरधारक रिमोट ई-वोटिंग अथवा एजीएम के समय ई-वोटिंग के माध्यम से अपना वोट डाल सकते है तथा वीसी/ओएवीएम के माध्यम से ऐजीएम में शामिल हो सकते है |

सभी सदस्यों को अवगत किया जाता है कि :

1. ऐजीएम की सूचना में निहित सामान्य और विशेष व्यवसायों का सम्पादन इलेक्ट्रोनिक माध्यमो से मतदान के माध्यम से किया जायेगा |
2. रिमोट ई - वोटिंग 15 सितम्बर 2024 को प्रातः 09 :00 बजे (भारतीय मानक समय) से आरम्भ होगी:
3. रिमोट ई - वोटिंग 17 सितम्बर 2024 को साय: 05 :00 बजे (भारतीय मानक समय) पर समाप्त होगी :
4. इलेक्ट्रॉनिक माध्यमो से अथवा एजीएम में मतदान करने की पात्रता निर्धारित करने हेतु कट - ऑफ तिथि 11 सितम्बर 2024 है और जो व्यक्ति कट -ऑफ तिथि को सदस्य नहीं है, उसे यह सूचना मात्र जानकारी के उद्देश्य से ग्रहण करना चाहिए:
5. कोई भी व्यक्ति, जो सूचना प्रेषित होने के पश्चात कंपनी के शेयरो को अधिग्रहित करता एवं कंपनी का सदस्य बनता तथा कट - ऑफ की तिथि के अनुसार शेयर आयोजित रखता है एवं वोट डालने हेतु योग्य है, ऐजीएम की सूचना में उल्लिखित प्रकिर्या का पालन करके लॉगिन आईडी एवं पासवर्ड प्राप्त कर सकता है|
6. सदस्य नोट कर सकते है कि : क) रिमोट ई - वोटिंग मॉडयूल को एनएसडीएल द्वारा वोटिंग की उपरोक्त तिथि और समय के उपरांत निष्क्रिय कर दिया जायेगा एवं एक बार किसी सदस्य द्वारा किसी प्रस्ताव पर वोट डाले जाने के पश्चात् सदस्य को तदनन्तर उसे बदलने की अनुमति नहीं दी जाएगी: ख) जिन सदस्यो ने ऐजीएम से पहले रिमोट ई - वोटिंग द्वारा अपना वोट डाल दिया हो, वो भी एजीएम में सम्मिलित हो सकते है परन्तु पुनः अपना वोट डालने हेतु अधिकृत नहीं होंगे; ग) ऐजीएम में इलेक्ट्रोनिक मोड के द्वारा मतदान की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी ; एवं घ) वह व्यक्ति जिसका नाम सदस्यो के रजिस्टर या डिपाजिटरी द्वारा अनुरक्षित लाभयोगी स्वामियों के रजिस्टर में कट - ऑफ तिथि के अनुसार दर्ज हो, केवल वही रिमोट ई - वोटिंग या एजीएम में ई - वोटिंग की सुविधा प्राप्त करने हेतु अधिकृत होगा |

ई-वोटिंग या ऐजीएम में रिमोट ई-वोटिंग से संबंदित मुद्दों और प्रयाजनो सहित किसी भी प्रशन के मामले में, आप www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड अनुभाग से शेयरधारको हेतु फ्रीक्वेंटली आहस्केड कोस्चन्स (FAQ's) एवं शेयरधारको हेतु "यूजर मैन्युअल" संदर्भित कर सकते है अथवा टोल फ्री नंबर 022-48867000पर कॉल कर सकते अथवा evoting@nsdl.com पर अनुरोध भेजकर अथवा सुश्री पल्लवी महात्रे, वरिष्ठ प्रबंधक, नेशनल सिक्योरिटीज डिपाजिटरी लिमिटेड, ट्रेड वर्ल्ड, ए विंग, चौथी मंज़िल, कमला मिल्स कंपाउंड, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई - 400013 से निद्रिष्ट ई-मेल आईडी evoting.nsdl.com पर संपर्क कर सकते है, जो की इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों द्वारा वोटिंग से जुडी शिकायतों को भी सम्बोधित करेंगे |

**स्थान: नोएडा**
**तिथि : 08 अगस्त 2024**

**कृते टी.वी टुडे नेटवर्क लिमिटेड**
**हस्ताक्षर**
**आशीष सभरवाल**
**समूह प्रमुख सेक्रेटेरयल एवं कम्पनी सचिव**
**सदस्यता सं. एफ4991**